# केन्द्रीय विद्यालय संगठन (मु.)

नई दिल्ली

## प्रवेश सूचना 2025-26

1. शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए केन्द्रीय विद्यालयों में कक्षा 1 एवं बालवाटिका (चयनित विद्यालयों) में प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीकरण दिनांक 07.03.2025 प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 21.03.2025 रात्रि 10:00 बजे तक होगा। प्रवेश संबंधित विवरण वेबसाइट https://kvsangathan.nic.in/en/admission/ के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है।
   - कक्षा 1 के लिए ऑनलाइन आवेदन करने का लिंक: https://kvsonlineadmission.kvs.gov.in
   - बालवाटिका 1 और 3 (जहाँ लागू हो) के लिए ऑनलाइन आवेदन करने का लिंक : https://balvatika.kvs.gov.in
2. कक्षा-1 में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु 06 वर्ष होनी अनिवार्य है। सभी कक्षाओं के लिए आयु की गणना 31.03.2025 के अनुसार होगी। कक्षाओं में सीटों का आरक्षण के.वि.सं. के प्रवेश दिशा-निर्देशों 2025-26 के अनुसार किया जाएगा।
3. बालवाटिका-1, 2 एवं 3 मे प्रवेश हेतु आयु क्रमशः 3 से 4 वर्ष, 4 से 5 वर्ष और 5 से 6 वर्ष होगी, जो 31.03.2025 के अनुसार होगी।
4. बालवाटिका-2 व 3 (जहाँ ऑनलाइन माध्यम से आवेदन नहीं होना है), कक्षा II एवं उससे ऊपर (कक्षा XI को छोड़कर) की कक्षाओं में, स्थान रिक्त होने पर ही, प्रवेश के लिए पंजीकरण दिनांक 02.04.2025 प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 11.04.2025 सायं 4:00 बजे तक ऑफलाइन मोड (offline mode) द्वारा किया जा सकेगा। विधिवत भरे हुए फॉर्म को संबंधित के.वि. में प्राचार्य के कार्यालय में जमा करवाना होगा।
5. बालवाटिका-2 व 3 (जहाँ ऑनलाइन माध्यम से आवेदन नहीं होना है), कक्षा-II और उससे ऊपर के लिए प्रवेश और पंजीकरण प्रपत्रों के बारे में सभी जानकारी विद्यालयों की वेबसाइट पर उपलब्ध की जाएगी तथा प्रवेश हेतु पंजीकरण प्रवेश- 2025-26 की अनुसूची के अनुसार किया जाएगा।
6. यदि आवेदन पत्र में कोई गलत / भ्रामक जानकारी दी गई है तो केवि में प्रवेश प्रक्रिया के दौरान प्रवेश निरस्त कर दिया जाएगा।
7. प्राचार्य/प्रवेश प्रभारी द्वारा विद्यालय में बुलाए जाने पर, निर्धारित समय अंतराल में ही संपर्क करें।